*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में सुभाष उत्सव 'पराक्रम– 2025' आयोजित

पन्तनगर। 24 जनवरी 2025। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के सुभाष भवन छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन, सुभाष भवन की वार्डन डा. विनीता राठौर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सर्वप्रथम डा. विनीता राठौर द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ कर सभी का स्वागत किया। सुभाष भवन के छात्राओं द्वारा नृत्य और गायन प्रदर्शन किया। सभी सामान्य निकाय सदस्यों व विजेताओं को उपहार और प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में पराक्रम दिवस मनाया गया। अंत में सुभाष भवन के कर्मचारियों को उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए अतिथियों द्वारा उपहार दिए गए। समारोह का समापन महासचिव ईशा और सहायक महासचिव मानसी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ। सुभाष भवन में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन थे।

*नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती पर उपस्थित अधिकारी एवं विद्यार्थी।*

**निदेशक संचार**